नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

युवा संवाद के डॉ. आंबेडकर विशेषांक का लोकार्पण

वर्धा, 22 दिसंबर: चर्चित पत्रिका 'युवा संवाद' का आंबेडकर और आज का समय शीर्षक से प्रकाशित विशेषांक का लोकार्पण बुधवार 20 दिसंबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एल. कारुण्यकरा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में चिंतक एवं विचारक डॉ. एम. एल. कासारे तथा विशेषांक के

अतिथि संपादक डॉ. सुरजीत कुमार सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. मिश्र, डॉ. कासारे एवं प्रो. कारुण्यकरा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने किया।

पिछले 15 वर्षों से युवा संवाद का प्रकाशन हो रहा है और दिसंबर 2017 का अंक विवि के डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह के अतिथि संपादन में निकाला गया जिसकी परिकल्पना अरुण कुमार त्रिपाठी की है तथा इसे मनोज मोहन ने संपादन सहयोग दिया है। कुल दस खंडो में विभाजित विशेषांक में संदीप सपकाले, डॉ. डी. एन. प्रसाद, रमेश कुमार, जितेंद्र सोनकर, शुभांगी शंभरकर, दिलीप गिरहे, मीना, चित्रलेखा अंशु, रजनीश कुमार आंबेडकर, प्रो. प्रीति सागर, अस्मिका राजुरकर, प्रो. कृपाशंकर चौबे, नेहा नेमा,

विकास चंद्र, शशि गौड़, विकास सिंह मौर्य, संजय गजभिए, गोविंद कुमार मीना, भगत महतो, विजेंद्र मीना, प्रफुल्ल मेश्राम, शिल्पा भगत, आरती कुमारी, अरुण कुमार त्रिपाठी, सुभाष गाताडे, अंजनी श्रीवास्तव, पूरन सिंह तथा ज्ञान चंद्र पाल ने शोध पर आलेख लिखे हैं। आलेखों में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचार एवं कार्यों पर खास करके प्रकाश ड़ाला गया है। डॉ. आंबेडकर के जीवन से जुडे महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ चित्र भी अंक में प्रकाशित है। अंकित साहिर की कविता भी विशेषांक में प्रकाशित हुई है।